www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240
आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 योगी आदित्यनाथ ने बदल दी राजनीति की...
3 एशियन पेंट्स की फर्जी डीलरशिप दिलाकर 12 लाख...
4 विशेष टीकाकरण अभियान के तहत 1285...

वर्ष: 9 | अंक: 146 | दिल्ली, शनिवार, 22 मार्च 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

**संक्षिप्त समाचार**

### कैलाश मंसारोवर यात्रा फिर से शुरू करने के तौर-तरीकों पर चर्चा अभी बाकी: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा इस साल फिर से शुरू करने पर सहमति बन गई है, लेकिन इसके तौर-तरीकों को अब भी तय किया जाना बाकी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान इस तीर्थयात्रा के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में रूस के कजान शहर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई बैठक के बाद भारतीय और चीनी पक्ष के बीच विभिन्न स्तरों पर हुए समग्र रचनात्मक संवाद का भी जिक्र किया।

### वार्ता और कूटनीति के माध्यम से हो रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यूक्रेन-रूस संघर्ष पर हमारा रुख सर्वविदित और सर्वविदित है। हमने हमेशा संघर्ष के स्थायी समाधान पर पहुंचने या उसे खोजने के लिए वार्ता और कूटनीति के माध्यम से दोनों पक्षों और अन्य हितधारकों तथा प्रमुख हितधारकों के बीच ईमानदार और व्यावहारिक भागीदारी की वकालत की है। संघर्ष के दोनों पक्षों के साथ-साथ अन्य हितधारकों के साथ हमारी बातचीत इस व्यापक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए की गई है। रूस-यूक्रेन में युद्धविराम के प्रयासों के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने बुधवार सुबह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से करीब एक घंटा वार्ता की।

### तेलंगाना में 24 मार्च तक आंधी, ओलावृष्टि का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान

**तेलंगाना (एजेन्सी)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तेलंगाना के कई जिलों के लिए शुक्रवार को ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किए, जिसके तहत वहां 24 मार्च की सुबह तक आंधी, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई। आईएमडी ने शुक्रवार शाम 5.30 बजे से 24 मार्च सुबह 8.30 बजे के बीच तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने का भी पूर्वानुमान जताया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की एक विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी तरह की जान-माल की हानि को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

## राष्ट्रपति भवन में 'पर्पल फेस्ट' का आयोजन





**संजना भारती/पीआईबी**

**नई दिल्ली।** दिव्यांगजनों की प्रतिभा, उपलब्धियों और आकांक्षाओं का उत्सव मनाने के लिए शुक्रवार को अमृत उद्यान में एक दिवसीय 'पर्पल फेस्ट' का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महोत्सव का दौरा किया और दिव्यांगजनों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को देखा। अपने संक्षिप्त वक्तव्य में उन्होंने कहा कि वंचित वर्ग के प्रति संवेदनशीलता ही किसी देश या समाज की प्रतिष्ठा निर्धारित करती है। करुणा, समावेशिता और सद्भावना हमारी संस्कृति और सभ्यता के मूल्य रहे हैं। हमारे संविधान की प्रस्तावना में सामाजिक न्याय, समानता और व्यक्ति की गरिमा की बात कही गई है।

आगंतुकों के लिए दिन भर विभिन्न गतिविधियां जैसे खेल, डिजिटल समावेशन और उद्यमिता पर कार्यशालाएं, एबिलिम्पिक्स, रचनात्मक कार्यक्रम और सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित 'पर्पल फेस्ट' का उद्देश्य विभिन्न दिव्यांगता और लोगों के जीवन पर उनके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में दिव्यांगजनों की समझ, स्वीकृति और समावेश को बढ़ावा देना है।

## 'शहीदों से प्रेरित युवा शक्ति कर सकती है विकसित और मजबूत भारत का निर्माण'

### 'शहीदों के आदर्शों से गढ़ें नया भारत'-दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष

**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद सुखदेव कॉलेज में आयोजित 'शहीदों की विरासत, युवा शक्ति का प्रभाव-विकसित भारत का निर्माण' विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। यह व्याख्यान शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था जिसमें प्रोफेसर बलराम पानी की अध्यक्षता में श्री विजेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रो. पूनम वर्मा और प्रो. गुंजन गुप्ता भी उपस्थित रहीं।



श्री विजेंद्र गुप्ता ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को याद करते हुए कहा कि इन महान स्वतंत्रता सेनानियों ने मात्र 22-23 वर्ष की आयु में देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

अपने संबोधन में श्री गुप्ता ने कहा, "यह हमेशा याद रखें कि हम आज खुलकर जी रहे हैं क्योंकि हमारे शहीदों ने अपने प्राणों की कुर्बानी दी। उनका बलिदान केवल इतिहास में पढ़ने के लिए नहीं है, बल्कि यह हमारे लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत है।" उन्होंने शहीद सुखदेव कॉलेज की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत को संजोने और उनकी कुर्बानियों को उजागर करने का कार्य भी करता है।

श्री गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा शहीदों की विरासत को संरक्षित करने के लिए किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, जलियांवाला बाग स्मारक और अंडमान निकोबार की सेल्यूलर जेल जैसे स्मारकों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ये स्मारक न केवल शहीदों के प्रति हमारी श्रद्धा को दर्शाते हैं बल्कि नई पीढ़ियों को उनके संघर्ष से प्रेरित करते हैं।

श्री गुप्ता ने भारत के आर्थिक और तकनीकी विकास पर चर्चा करते हुए बताया कि देश अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है।

श्री विजेंद्र गुप्ता ने बताया "पिछले एक दशक में स्टार्टअप्स की संख्या 1.6 लाख से अधिक हो गई है, जो लगभग 18 लाख प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान कर चुके हैं। यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि एक नए भारत की कहानी है"।

## मिलावटखोरी रोकने के लिए सघन अभियान चलाया जाएः पुष्कर सिंह धामी

**एसबी संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे कार्मिक को चिह्नित किया जाए जो अपने दायित्वों का निर्वहन भली भांति नहीं करते हैं। ऐसे कर्मियों को अनिवार्य सेवानिवृति के लिए नियमानुसार कार्यवाही की जाए। प्रदेश में सरकारी भूमि और कई मामलों में लोगों की व्यक्तिगत भूमि पर कब्जा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। विभिन्न अपराधों में लिप्त वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारों के सीजन के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों में





मिलावटखोरी को रोकने और बिजली चोरी को रोकने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। मिलावटखोरों और बिजली चोरी करने वालों पर सख्त करवाई भी की जाय। ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा निरंतर अभियान चलाए जाय। पुलिस द्वारा राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में नियमित सघन चैकिंग की जाए। एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराधियों की सूची बनाकर नशे के कारोबार में लिप्त लोगों पर कड़ी करवाई की जाय।

मुख्यमंत्री ने डीजीपी को निर्देश दिए कि राज्य में यातायात प्रबंधन की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि ट्रैफिक जाम से लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो। पुलिस को रात्रि कालीन गश्त बढ़ाने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्य के युवाओं को रोजगार के साथ स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में और प्रयास किए जाएं। इलेक्ट्रिशियन, कारपेंटर, बार्बर, प्लंबर जैसे क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के प्रशिक्षण और कौशल विकास की दिशा में कार्य किए जाएं।

बैठक में सचिव गृह शैलेश बगोली, डीजीपी दीपम सेठ, सचिव एवं गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, अपर पुलिस महानिदेशक ए. पी. अंशुमान, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

## मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने ऑनलाइन पीसी एंड पीएनडीटी पोर्टल लॉन्च किया

### पीसी और पीएनडीटी ऑनलाइन पोर्टल शुरू होने से भ्रूण जांच की सख्त निगरानी होगी





**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह ने आज दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक दिवसीय 'स्टेट लेवल वर्कशॉप ऑन द इफेक्टिव इम्प्लीमेंटेशन ऑफ पीसी & पीएनडीटी एक्ट' वर्कशॉप में भाग लिया एवं इस दौरान पीसी एंड पीएनडीटी ऑनलाइन पोर्टल को लांच किया।

इस कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, डॉक्टर, पीसी एंड पीएनडीटी के नोडल अधिकारी, इस क्षेत्र में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों के सदस्य एवं अन्य हितधारक उपस्थित रहे। सभी ने इस अधिनियम के सख्त क्रियान्वयन और जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यशाला में महत्वपूर्ण जानकारियों का आदान-प्रदान, विचार-विमर्श और बेहतरीन कार्यप्रणाली को साझा किया गया।

इस ऑनलाइन पोर्टल (https://pcp-ndt.delhi.gov.in/) के लॉन्च होने से पारदर्शिता बढ़ेगी और कानून का पालन होगा। यह पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पोर्टल रियल टाइम में डायग्नोस्टिक केंद्रों की निगरानी करेगा, जिससे मैन्युअल प्रक्रिया को डिजिटल सिस्टम से बदलकर जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इस पोर्टल के माध्यम से यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी डायग्नोस्टिक सेंटर कानून का पालन करें और अल्ट्रासाउंड तकनीक का दुरुपयोग लिंग जांच में ना हो। यह पोर्टल अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों के लिए फॉर्म-एफ ऑनलाइन भरने, लोगों के लिए शिकायत दर्ज करने, जांच और कार्रवाई की डिजिटल निगरानी करने और नियमों के पालन की रियल टाइम जानकारी देने की सुविधा देगा। इससे सरकार को डायग्नोस्टिक सेंटर्स पर निगरानी रखना और नियम लागू करना आसान और असरदार होगा।

इस मौके पर माननीय मंत्री जी ने लिंग समानता और बालिका सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इस डिजिटल पहल के सफल लॉन्च के लिए अधिकारियों को बधाई दी और कहा कि यह दिल्ली के लिंगानुपात (922) में सुधार में मदद करेगा। साथ ही, उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## अस्पतालों में डॉक्टर से परामर्श लेने का समय निर्धारित करने की बड़ी पहलः आरती सिंह राव

### हरियाणा स्वास्थ्य हैल्प लाईन टोल फ्री नंबर 104 की शुरूआत

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की लोगों को ऑन लाईन नागरिक सेवाएं उपलब्ध करवाने की प्रतिबद्धता की कड़ी में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने बडी पहल करते हुए डॉक्टर से मिलने का समय लेने के लिए टोल फ्री नंबर डायल 104 की सुविधा उपलब्ध करवाई है।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुश्री आरती सिंह राव ने इस पोर्टल का शुभारंभ आज पंचकूला के सेक्टर-1 स्थित विश्राम गृह से किया। इसके बाद पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि आज स्वास्थ्य विभाग के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों को भी इस पोर्टल पर दर्ज करवाया जा सकता है। शिकायतकर्ता से 5 दिन के अंदर-अंदर कॉल बैक की



जाएगी। इस पोर्टल पर दवाइयों के बारे में जानकारी ली जा सकेगी। इस दौरान प्रदेश से सभी सीएमओ वीसी से जुडे। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य नागरिक अस्पतालों में लोगों को लाईन में लगने से बचाना है।

डायल 104 पर पहले से डॉक्टर से परामर्श लेने का समय लिया जा सकेगा। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की कमी को पूरा किया जा रहा है। अभी हाल ही में 761 डॉक्टरों को नई नियुक्ति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि पहले से जारी ई-टेली मेडिसन सेवाओं को भी इसके साथ एकीकृत किया जाएगा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि अस्पतालों के मरम्मत का कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग के साथ शीघ्र ही बैठक करेंगे।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉक्टर मनीष बंसल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक डॉक्टर वीरेंद्र यादव, डॉक्टर कुलदीप सिंह व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नायब सिंह सैनी ने ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत कर हरियाणा के हर जाति वर्ग को लाभान्वित करने का किया कार्य: कृष्ण कुमार बेदी

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में प्रेस वार्ता में हरियाणा सरकार के बजट के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा का बजट सर्व समाज और सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का बजट किसानों, एग्रीकल्चर, बिजनेस मैन, कर्मचारियों व खिलाडियों के सुझावों को रखकर पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बजट से प्रदेश की अर्थव्यवस्था बढ़ी है।



कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा कृषि क्षेत्र में किसानों पर विशेष ध्यान दिया गया है, सैनिकों के लिए भी घोषणाएं की गई है, प्रमुख राज्यों में हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय सबसे अधिक है, राजस्व घाटे में पिछले 10 वर्षों में कमी आई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार जनहित की घोषणाएं कर आम जनता को खुश करने में लगे हुए हैं, हरियाणा राज्य के गिनती देश के अग्रणीय राज्यों में हो रही है, महिला किसानों को डेयरी स्थापित करने के लिए 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा, देसी गाय की खरीद पर अनुदान राशि बढ़ाकर 30 हजार रुपये की गई है, यूरिया व डाई खाद की बिक्री को मेरी फसल मेरी ब्यौरा पोर्टल से जोड़ा जाएगा, प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए भूमि की सीमा को घटाकर एक एकड़ किया गया है।

कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय निकाय चुनाव को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए समस्त जिला प्रशासन के अधिकारियों को बधाई दी और सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय का 21वां दीक्षांत समारोह आयोजित

## समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण में युवा समर्पण भाव से आगे आएं-हरिभाऊ बागडे

**एसबी संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने युवा पीढ़ी से समय का पूरा-पूरा सदुपयोग करने और लक्ष्य के प्रति समर्पण भाव रखते हुए समृद्धशाली और सम्पन्न भारत के निर्माण के प्रति कृतसंकल्प होकर कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि युवा समाज एवं देश के विकास में अपनी अहम भूमिकाओं का निर्वाह करते हुए विकसित भारत-2047 की संकल्पना को पूरा करने में अपनी आत्मीय भागीदारी सुनिश्चित करें।

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे शुक्रवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के 21वें दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि पद से संबोधित कर रहे थे।

दीक्षांत समारोह में कुल 51 हजार 402 उपाधियों का अनुमोदन किया गया।



इसमें स्नातक स्तर की 46 हजार 188 और स्नातकोत्तर की 5 हजार 214 उपाधियां शामिल हैं। इसके साथ ही दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति द्वारा 60 गोल्ड मेडल प्रदान किए गए, जिसमें 53 स्वर्ण पदक, एक कुलाधिपति पदक, चार डोनर पदक एवं दो अन्य पदक शामिल हैं, इसके साथ 187 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

राज्यपाल ने 55 स्वर्णपदकों में से 38 पदक बेटियों को मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बेटियां हमारा गौरव हैं, वे आगे बढेंगी तभी समाज तेजी से आगे बढ़ेगा।

राज्यपाल ने विभिन्न संतों एवं महापुरुषों के उपदेशों और वाणियों को उद्धृत करते हुए कहा कि शिक्षा समग्र जीवन-दृष्टि को विकसित करते हुए लोक कल्याण की धाराओं को तीव्रतर करने का सशक्त माध्यम है। शिक्षा ऐसी हो जो व्यक्तित्व का विकास करे। इससे युवा रोजगार पाने के इच्छुक नहीं बल्कि रोजगार दाता बनें। उन्होंने एआई तकनीक का सावधानीपूर्वक उपयोग करने पर बल दिया और कहा कि तकनीकी ज्ञान का उपयोग करें पर सावधानी जरूर रखें।

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, भारत सरकार श्री गजेंद्र सिंह शेखावत वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि विश्वद्यालय की मनीषी परंपरा, सीखने की जिज्ञासा और निरंतर ज्ञान अर्जन की इच्छाशक्ति को जारी रखें।

## जल शक्ति अभियान-कैच द रैन 2025 का शुभारंभ पंचकूला से होगा आज

### नायब सिंह सैनी करेंगे केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल का स्वागत

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा द्वारा पिछले 10 वर्षों में निरंतर किए जा रहे सफलतापूर्वक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को फिर से एक बड़े अभियान के आयोजन की जिम्मेवारी सौंपी है। इसी कड़ी में जल शक्ति अभियान-कैच द रैन 2025 के छ्ठे संस्करण का राष्ट्र स्तरीय शुभारंभ पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम से 22 मार्च 2025 को किया जाएगा।

एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल मुख्य



अतिथि होंगे। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह व सिंचाई एवं जलसंसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। यहां उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में जल शक्ति अभियान की शुरूआत 2019 में हुई थी। इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य जल संचयन, तालाबों और जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, मॉनसून के जल का पुनः उपयोग, विल्पुत हो रहे नदी मागों का पुनजीवन जैसे महत्वपूर्ण प्रयासों आधारित है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा पौंड अथॉरिटी का गठन किया गया है, जो प्राचीन तालाबों के पानी को उपचारित कर सिंचाई व अन्य कार्यों के लिए उपयोग करने के प्रति लोगों को प्रेरित कर रही है। यह कार्यक्रम भी उसी कड़ी का हिस्सा है।

# सम्पादकीय

## आरक्षण का मोह

**कांग्रेस** ने शायद ठान ली है कि चाहे कुछ भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े पर वोट बैंक के लिए मुसलमानों से प्रेम कम नहीं होने वाला। ऐसे ही कारणों से कांग्रेस न सिर्फ केंद्र की सत्ता से बल्कि ज्यादातर राज्यों में भी सत्ता से बाहर है। दूसरे शब्दों में कहें तो कांग्रेस के कथित मुस्लिम प्रेम ने भारतीय जनता पार्टी का सत्ता का रास्ता आसान कर दिया। कांग्रेस की इस नीति ने खुद को तो दरबदर कर ही दिया, इससे देश के मुसलमानों को नुकसान पहुंचाया। मुसलमानों को बेवजह देश के प्रति वफादारी जाहिर करने पर मजबूर होना पड़ा। भाजपा ने कांग्रेस के जरिए मुसलमानों को भी घेरने में कसर बाकी नहीं रखी। ऐसे में बेवजह राजनीति में घसीटे गए मुसलमानों की मुश्किलें बढ़ गई। मुसलमान कांग्रेस के दिखावटी वोट प्रेम का विरोध नहीं कर सके और भाजपा के निशाने पर आ गए। कांग्रेस ने कर्नाटक में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण देकर फिर से विवाद खड़ा कर दिया। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस वाकई मुसलमानों का भला चाहती हो, यदि ऐसा ही होता तो मुस्लिम आबादी का बड़ा तबका आज देश के विकास में आगे होता। जबकि लंबे वक्त तक देश में कांग्रेस का शासन रहा है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी टेंडर में अब टेंडर भरने वाले मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कैबिनेट मीटिंग इस प्रस्ताव को मंजूर भी कर लिया। इससे एक करोड़ रुपये तक की निविदाओं में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया। कांग्रेस के इस फैसले से राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया। कर्नाटक सरकार के इस निर्णय ने भाजपा को कांग्रेस और मुसलमानों के खिलाफ फिर से नया हथियार थमा दिया। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार द्वारा मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव राहुल गांधी के पूर्ण संरक्षण में पारित किया गया है। हम यह पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता पर निशाना साधते हुए प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार का कदम राहुल गांधी की मानसिकता को दर्शाता है। ऐसा नहीं है कि कर्नाटक के जरिए देशभर के मुसलमानों के प्रति मोहब्बत दर्शाने का कांग्रेस का यह पहला मौका है, इससे पहले भी कर्नाटक में मुस्लिमों के आरक्षण को लेकर विवाद रहा है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आरक्षण का लाभ देने के लिए मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग की लिस्ट में शामिल किया था। सरकार ने मुसलमानों को ओबीसी लिस्ट में जगह दी। हालांकि, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने सरकार के इस फैसले की आलोचना की थी। आयोग ने कहा था कि इस फैसले ने सामाजिक न्याय के सिद्धांत को कमजोर कर दिया है। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक, कर्नाटक राज्य में मुस्लिम की जनसंख्या 12.32 फीसदी है और उसे राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा हासिल है। मध्य प्रदेश की चुनावी रैली के दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस को ओबीसी समुदाय का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए कहा था कि एक बार फिर कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से ओबीसी के साथ सभी मुस्लिम जातियों को शामिल करके कर्नाटक में धार्मिक आधार पर आरक्षण दिया है। विवाद बढ़ा तो कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि यह दावा करना कि कांग्रेस ने पिछड़े वर्गों से मुसलमानों को आरक्षण ट्रांसफर कर दिया, एक सरासर झूठ है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा अभी भी मुसलमानों के लिए कोटा के अपने समर्थन पर कायम हैं या नरेंद्र मोदी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। गौरतलब है कि यह आरक्षण पहली बार 1995 में एचडी देवेगौड़ा की जनता दल ने कर्नाटक में लागू किया था। दिलचस्प बात यह है कि देवगौड़ा की जद (एस) अब बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सहयोगी है। कर्नाटक सरकार के 14 फरवरी, 1995 के एक आदेश में जिक्र किया गया जिसमें बताया गया कि यह निर्णय चिन्नप्पा रेड्डी आयोग की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है और आरक्षण को 50 प्रतिशत तक सीमित करने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करता है।

## जयंती

### मुंशी दयानारायण निगम



जन्म-22 मार्च, 1882, कानपुर, उत्तर प्रदेश; मृत्यु-1942) उर्दू के प्रसिद्ध पत्रकार और समाज सुधारक थे। वे बीसवीं सदी के प्रारंभ में कानपुर से प्रकाशित होने वाली उर्दू पत्रिका 'जमाना' के संपादक थे। इन्होंने प्रसिद्ध लेखक मुंशी प्रेमचन्द की पहली कहानी 'दुनिया का सबसे अनमोल रतन' प्रकाशित की थी। मोहम्मद इकबाल की प्रसिद्ध रचना 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' भी 'जमाना' में ही पहली बार प्रकाशित हुई थी। भारत के विश्वविख्यात लेखक मुंशी प्रेमचन्द और दयानारायण निगम में बहुत गहरी मित्रता थी। 'नवाबराय' के नाम से लिखने वाले धनपतराय श्रीवास्तव को 'प्रेमचन्द' का नाम भी दयानारायण निगम जी ने ही दिया था।

## पुण्यतिथि

### हनुमान प्रसाद पोद्दार



जन्म:1892, मृत्यु- 22 मार्च 1971) का नाम गीता प्रेस स्थापित करने के लिये भारत व विश्व में प्रसिद्ध है। भारतीय अध्यात्मिक जगत पर हनुमान पसाद पोद्दार नाम का एक ऐसा सूरज उदय हुआ, जिसकी वजह से देश के घर-घर में गीता, रामायण, वेद और पुराण जैसे ग्रंथ पहुँचे सके। आज 'गीता प्रेस गोरखपुर' का नाम किसी भी भारतीय के लिए अनजाना नहीं है। सनातन हिंदू संस्कृति में आस्था रखने वाला दुनिया में शायद ही कोई ऐसा परिवार होगा, जो गीता प्रेस गोरखपुर के नाम से परिचित नहीं होगा। इस देश में और दुनिया के हर कोने में रामायण, गीता, वेद, पुराण और उपनिषद से लेकर प्राचीन भारत के ऋषियों-मुनियों की कथाओं को पहुँचाने का एक मात्र श्रेय गीता प्रेस गोरखपुर के संस्थापक हनुमान प्रसाद पोद्दार को है। प्रचार-प्रसार से दूर रहकर एक अकिंचन सेवक और निष्काम कर्मयोगी की तरह पोद्दार जी ने हिंदू संस्कृति की मान्यताओं को घर-घर तक पहुँचाने में जो योगदान दिया है, इतिहास में उसकी मिसाल मिलना ही मुश्किल है।

## कल मिलेंगे

एक बच्चा रो रहा था, उसके पिता ने रोने का कारण पूछा तो बच्चा बोला-10 रुपये दो, तब बताऊंगा...
**पिता ने बेटे को 10 रुपये दे दिए और कहा**-अब बताओ बेटे! तुम क्यों रो रहे थे?
**बच्चा बोला**-मैं तो 10 रुपये के लिए ही रो रहा था, अब मिल गया!

## संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**

**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# योगी आदित्यनाथ ने बदल दी राजनीति की परिभाषा

**जन, जल, जंगल और जमीन से प्यार करने वाले योगी आदित्यनाथ का जन्म 5 जून 1972 को पौढ़ी गढ़वाल (उत्तराखंड) के पंचुर गांव में एक सामान्य परिवार में हुआ था। संयोग से उसी दिन विश्व पर्यावरण दिवस भी पड़ता है। उनके पिता स्वर्गीय आनंद सिंह विष्ट वन विभाग में रेंजर थे। बाल्यकाल से राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रेरित योगी का जुड़ाव नब्बे के दशक में राम मंदिर आंदोलन से हो गया**

**दायित्व** के अनुसार अस्थायी रूप से किसी व्यक्ति का स्थान बदल सकता है। पर, उसकी परंपरा और संस्कार नहीं बदलते। बल्कि उसके पद और दायित्व के अनुसार इनका और विस्तार ही होता है। उत्तर प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके आठ साल का सफल कार्यकाल इसका प्रमाण है।

उल्लेखनीय है कि योगी जी का गृह जनपद गोरखपुर है। यहीं उत्तर भारत की प्रमुख धार्मिक पीठों में शुमार गोरक्षपीठ है। इस पीठ को देश-दुनिया में फैले नाथपंथ का मुख्यालय माना जाता है। योगी जी मुख्यमंत्री होने के साथ इसी पीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। इस रूप में दीक्षित योगी (संन्यासी) भी है। खुद के योगी होने पर उनको गर्व भी है। समय-समय पर सदन से लेकर सार्वजनिक सभाओं में वह इस बात को कहते भी हैं।

आठ साल पहले जब एक लंबे अंतराल के बाद उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भाजपा को बहुमत मिला तो 19 मार्च 2017 को उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर, आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े और राजनीति के लिहाज से सर्वाधिक संवेदनशील सूबे के मुखिया का दायित्व संभाला। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उन्होंने पीठ की लोककल्याण की परंपरा और संस्कार के फलक को अपने पद के अनुसार लगातार विस्तार दिया। उन्होंने साबित किया कि जनकेंद्रित राजनीति के केंद्र में भी धर्म हो सकता है। उनके दादा गुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ के समय में जिस हिंदू और हिंदुत्व को प्रतिगामी माना जाता था उसे योगी ने बहस के केंद्र में ला दिया। जो पहले भगवान श्रीराम की आलोचना करते थे, उनको काल्पनिक बताते थे ऐसे लोग भी खुद को हिंदू कहलाकर गौरवान्वित महसूस करते हैं। इस तरह उन्होंने धर्म और राजनीति को लोक कल्याण का जरिया बनाकर साबित किया कि संत, समाज का वैचारिक मार्गदर्शन करने के साथ सत्ता का कुशलता से नेतृत्व भी कर सकता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ के खाते में ढेर सारी उपलब्धियां दर्ज हैं। 2019 में एक प्रतिष्ठित पत्रिका के सर्वे में उनको देश का सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री माना गया। एक इंटरव्यू में कभी योगी जी कहा था कि वह कभी हारे नहीं हैं। गोरखपुर से संसदीय चुनावों में वह अजेय रहे हैं तो पहली बार 2022 में विधानसभा चुनाव लड़कर उन्होंने अपनी अपराजेय लोकप्रियता को पुनः प्रमाणित किया।

जन, जल, जंगल और जमीन से प्यार करने वाले योगी आदित्यनाथ का जन्म 5 जून 1972 को पौढ़ी गढ़वाल (उत्तराखंड) के पंचुर गांव में एक सामान्य परिवार में हुआ था। संयोग से उसी दिन विश्व पर्यावरण दिवस भी पड़ता है। उनके पिता स्वर्गीय आनंद सिंह विष्ट वन विभाग में रेंजर थे। बाल्यकाल से राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रेरित योगी का जुड़ाव नब्बे के दशक में राम मंदिर आंदोलन से हो गया। राम मंदिर आंदोलन के दौरान ही वह इस आंदोलन के नायक गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ के संपर्क में आए। महंत जी के सानिध्य और उनसे प्राप्त नाथपंथ के बारे में मिले ज्ञान ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि गढ़वाल विश्वविद्यालय से स्नातक विज्ञान तक शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने सन्यास लेने का निर्णय कर लिया। इसी क्रम में वह 1993 में गोरखनाथ मंदिर आ गए और नाथ पंथ की परंपरा के अनुरूप धर्म, अध्यात्म की तात्विक विवेचना और योग साधना में रम गए। उनकी साधना और अंतर्निहित प्रतिभा को देख महंत अवेद्यनाथ ने उन्हें 15 फरवरी 1994 को गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी के रूप में दीक्षा प्रदान किया। गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी के रूप में उन्होंने पीठ की लोक कल्याण और सामाजिक समरसता के ध्येय को सदैव विस्तारित किया। महज 22 साल की उम्र में योगी जी नाथपंथ में दीक्षित होकर वह संन्यासी (योगी) बने। इस रूप में वह गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के उत्तराधिकारी बने। अवेद्यनाथ संत समाज एवं समाज में एक सर्व स्वीकार्य नाम था। इसलिए उनको राष्ट्र संत भी कहा जाता है। एक योग्य गुरु को एक योग्य शिष्य से अधिक क्या चाहिए। अपने गुरु के ब्रह्मलीन होने के बाद अपने पहले साक्षात्कार में योगी ने कहा भी था, गुरुदेव के सम्मोहन ने सन्यासी बना दिया। दोनों का एक दूसरे पर अटूट भरोसा था। यही वजह रही कि पीठ के उत्तराधिकारी के रूप में धार्मिक विरासत सौंपने के कुछ साल बाद ही ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ने अपने प्रिय शिष्य (योगी) को अपनी राजनीतिक विरासत भी सौंप दी। महंत अवेद्यनाथ के ब्रह्मलीन होने के उपरांत वह14 सितंबर 2014 को गोरक्षपीठाधीश्वर (महंत) के रूप मे पदासीन हुए। इसी भूमिका के तदंतर वह इसी तिथि से अखिल भारतीय बारह भेष पंथ योगी सभा के अध्यक्ष भी हैं।

योगी आदित्यनाथ को राजनीतिक दायित्व भी गोरक्षपीठ से विरासत में मिला है। उनके दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ गोरखपुर संसदीय क्षेत्र का एक बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनके गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से चार बार सांसद और मानीराम विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे हैं। 1996 में गोरखपुर लोकसभा से चुनाव जीतने के बाद ही महंत अवेद्यनाथ ने घोषणा कर दी थी कि उनकी राजनीति का उत्तराधिकार भी योगी ही संभालेंगे। इसके बाद योगी 1998 के लोकसभा चुनाव में गोरखपुर से चुनाव मैदान में उतरे और जीत हासिल कर बारहवीं लोकसभा में उस वक्त सबसे कम उम्र (26 वर्ष) के सांसद बने। तब से 2014 तक लगातार पांच बार संसदीय चुनाव में जीत हासिल करने वाले वह विरले सांसदों में रहे। 2017 में उत्तर प्रदेश में जब भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला तो पार्टी नेतृत्व ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया। 19 मार्च 2017 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की शपथ लेने वाले योगी ने तमाम उपलब्धियों के बीच न केवल शानदार कार्यकाल पूरा किया बल्कि सार्वजनिक जीवन में बेदाग छवि को भी बरकरार रखा है। इन आठ वर्षों के दौरान उनकी खुद की जीवनचर्या सन्यासी की ही भांति रही। सादगीपूर्ण व अनुशासित जीवनशैली में तनिक भी परिवर्तन नहीं आया है। सम्भवतः वह प्रदेश के अबतक के इकलौते मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने प्रदेश के हर जिले का कई बार दौरा करने के साथ नोएडा जाने के मिथक को भी तोड़ा है। पहले मुख्यमंत्री इस मिथक के भय से नोएडा नहीं जाते थे कि वहां जाने से सीएम की कुर्सी चली जाती है। योगी ने आधा दर्जन से अधिक बार नोएडा की यात्रा कर यह साबित किया है कि एक संत का ध्येय सिर्फ सत्ता बचाए रखना नहीं बल्कि लोक कल्याण होता है। मुख्यमंत्री बनने के बाद वह उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य बने और 2022 के विधानसभा चुनाव में एक लाख से अधिक वोटों से जीतकर और अपनी पार्टी बीजेपी को सूबे में प्रचंड बहुमत दिलाकर दोबारा मुख्यमंत्री बने।

पहले कार्यकाल में योगी का फोकस प्रदेश के बाबत देश-दुनिया में जो खराब परसेप्शन था, उसको बदलने का था। इसमें कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस जैसी नीतियां कारगर रहीं। दूसरे कार्यकाल में फोकस प्रदेश की पहचान बदलने पर रहा। अब जब उनके दूसरे कार्यकाल का तीसरा साल पूरा होने जा रहा है, यूपी नए भारत का नया उत्तर प्रदेश के रूप में सबके सामने है। आज उत्तर प्रदेश की पहचान एक अपराधग्रस्त या दंगाग्रस्त प्रदेश के रूप में नहीं है। आज देश के अंदर उत्तर प्रदेश बेहतर कानून व्यवस्था के रूप में जाना जाता है और अलग-अलग राज्यों में उत्तर प्रदेश के मॉडल को उतारने और उसको जानने की उत्सुकता भी रहती है। बीते 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश को देश की सातवें से दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के बाद अब लक्ष्य विकास के हर मानक पर नम्बर एक होने की है। नोएडा में फिल्म सिटी, डेटा पार्क, अयोध्या और जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, हेल्थपार्क, लेदर पार्क, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, मेट्रो रेल का विस्तार, रैपिड रेल विस्तार, ओडीओपी और एमएसएमई के जरिये निर्यात को दोगुना करने, ब्रांड उप्र को देश और दुनिया में स्थापित करने जैसे बहुआयामी कार्यक्रमों से उत्तर प्रदेश के विकास को और रफ्तार देने की तैयारी है। विकास के यह नए मानक प्रदेश को नई पहचान दिलाने वाले होंगे। प्रयागराज के महाकुंभ के रूप में दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम के सफल आयोजन ने उनकी लोकप्रियता में एक और चार चांद लगा दिया।

वर्ष 1997, 2003, 2006 में गोरखपुर में और 2008 में तुलसीपुर (बलरामपुर) में विश्व हिन्दू महासंघ के अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन। सहभोज के माध्यम से छुआछूत और अस्पृश्यता की भेदभावकारी रूढ़ियों पर प्रहार। सीएम योगी 'यौगिक षटकर्म, 'हठयोगः स्वरूप एवं साधना, 'राजयोगः स्वरूप एवं साधना' तथा 'हिन्दू राष्ट्र नेपाल नामक पुस्तकों का लेखन करने वाले योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मन्दिर से प्रकाशित मासिक योग पत्रिका 'योगवाणी के प्रधान सम्पादक भी हैं। स्त्रोतः प्रभासाक्षी

# अमेरिका यूरोप में बढ़ते टेस्ला टेकडाउन प्रदर्शन के बीच ट्रंप की वजह से बच गये एलन मस्क

**-नीरज कुमार दुबे**

**टेस्ला ने कहा है कि उसे उम्मीद है कि इस साल उसके वाहन व्यवसाय में वृद्धि होगी। विशेषज्ञों का भी कहना है कि फोर्ड, किआ और हुंडई के ईवी के साथ-साथ इस्तेमाल की गई टेस्ला गाड़ी की कीमतों में भी गिरावट आई है जिससे इनकी बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। विश्लेषकों ने तो यह भी कहा है कि टेस्ला की सेकंड हैंड वाहनों की कीमतों में और गिरावट आने की संभावना है**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार के रूप में काम कर रहे टेस्ला के सीईओ एलन मस्क जिस तरह से सरकारी खर्चों को कम करने के लिए सरकारी नौकरियों में कटौती कर रहे हैं उसके चलते वह लोगों के गुस्से का शिकार भी हो रहे हैं। कुछ लोग ऑनलाइन मंचों पर एलन मस्क के खिलाफ गुस्सा निकाल रहे हैं तो कुछ ने उनकी गाड़ियों और टेस्ला के शो-रूमों पर अपना गुस्सा उतारा है। सोशल मीडिया पर टेस्ला के वाहनों को नहीं खरीदने की अपील के चलते जब उसकी बिक्री घटने लगी तो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नई टेस्ला कार खरीदी ताकि लोगों के बीच एक पुख्ता संदेश जाये और एलन मस्क की कंपनी संकट से उबर सके। ट्रंप के इस कदम का लाभ एलन मस्क को होता भी दिख रहा है। हम आपको बता दें कि जो ताजा रिपोर्ट सामने आई है वह दर्शा रही है कि इस महीने टेस्ला के इलेक्ट्रिक वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री हुई है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, 15 मार्च तक बिके सभी वाहनों में टेस्ला कारों का 1.4% हिस्सा था, जो पिछले साल इसी अवधि में 0.4% था। अमेरिका की राष्ट्रीय कार शॉपिंग वेबसाइट के विश्लेषकों ने कहा है कि महीने के दूसरे भाग में यह हिस्सा और बढ़ सकता है। फरवरी में टेस्ला की कारों की बिक्री का प्रतिशत 1.2 था। पिछले साल के आंकड़ों पर गौर करें तो पूरे अमेरिका में बिके इलेक्ट्रिक वाहनों में टेस्ला की हिस्सेदारी 8.1 प्रतिशत थी।

हम आपको बता दें कि एलन मस्क ट्रम्प प्रशासन के सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं और पूरे अमेरिका में लोगों ने संघीय कार्यबल में कटौती तथा वैश्विक मानवीय कार्यक्रमों को निधि देने वाले अनुबंधों को रद्द करने में उनकी भूमिका को लेकर टेस्ला टेकडाउन नाम से प्रदर्शन किए हैं। सोशल मीडिया पर अमेरिका और कुछ यूरोपीय देशों में ऐसे टेस्ला मालिकों की पोस्ट की भरमार है, जिसमें दिखाया गया है कि वे एलन मस्क के प्रति गुस्से में अपने वाहन छोड़ रहे हैं।

हम आपको यह भी बता दें कि टेस्ला ब्रांड के खिलाफ गुस्से के कारण हाल ही में टेस्ला वाहनों में आग लगा दी गई और कंपनी के शोरूम और चार्जिंग स्टेशनों को नुकसान पहुंचाया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह इस तरह के हमलों को घरेलू आतंकवाद करार देंगे। हम आपको यह भी बता दें कि कॉरपोरेट कंसल्टेंट फ्रेड मैककिनी ने पिछले महीने एलन मस्क के प्रति अपनी नापसंदगी दिखाने के लिए अपने 2018 टेस्ला मॉडल 3 को बेच दिया था। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, "मैंने अपनी कार पर 'आई हेट मस्क' लिखा एक बंपर स्टिकर लगाने के बारे में सोचा। लेकिन कार बेचना बहुत अच्छा लगता है।" उन्होंने कहा था कि अगर आप एक नई ईवी खरीदने पर विचार कर रहे हैं, तो किसी भी परिस्थिति में टेस्ला खरीदने पर विचार न करें। हम आपको यह भी बता दें कि हालिया डेटा से यह भी पता चला है कि पिछले महीने नई टेस्ला के लिए खरीदारों का विचार घटकर 1.8% रह गया- जो अक्टूबर 2022 के बाद का सबसे निचला स्तर है। मार्केट रिसर्च फर्म कॉक्स ऑटोमोटिव के अलग-अलग अनुमानों से पता चला है कि टेस्ला की बिक्री में फरवरी में 10% की गिरावट आई है, जोकि साइबरट्रक पिकअप, मॉडल 3 सेडान और मॉडल वाई एसयूवी की बिक्री घटने की वजह से हुई है।

हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल नवंबर में ट्रंप के चुनाव के बाद से टेस्ला के शेयरों में तेजी से उछाल आया था, इस उम्मीद में कि कंपनी के लिए नए प्रशासन के तहत रोबोटैक्सीस को रोल आउट करना आसान होगा। लेकिन अब टेस्ला के प्रति बढ़ती नाराजगी एलन मस्क के लिए चिंता का सबब बन गयी है। दरअसल एलन मस्क की सरकार में बढ़ती भागीदारी के चलते उनके फैसलों से नाखुश लोग उनकी कंपनी पर गुस्सा उतार रहे हैं। ऐसे लोगों में टेस्ला वाहनों के मालिक भी हैं और टेस्ला वाहन खरीदने की इच्छा रखने वाले लोग भी हैं। हालांकि दूसरी ओर आंकड़े यह भी दर्शा रहे हैं कि टेस्ला के दीवानों की कमी नहीं है।

बहरहाल, टेस्ला ने कहा है कि उसे उम्मीद है कि इस साल उसके वाहन व्यवसाय में वृद्धि होगी। विशेषज्ञों का भी कहना है कि फोर्ड, किआ और हुंडई के ईवी के साथ-साथ इस्तेमाल की गई टेस्ला गाड़ी की कीमतों में भी गिरावट आई है जिससे इनकी बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। विश्लेषकों ने तो यह भी कहा है कि टेस्ला की सेकंड हैंड वाहनों की कीमतों में और गिरावट आने की संभावना है। देखना होगा कि एलन मस्क की कंपनी के लिए आने वाले दिन कैसे रहते हैं।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# सबसे बड़ा व्यापारी तो अपना भारत निकला, अमेरिका को ही बेच दिया रूस का तेल

**(एजेन्सी)।**

**दुनिया** के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका के बीच एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यूरोपीय थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्चएनर्जी एंड क्लीन एयर रानी सीआरईए की रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदा, उसे अपनी रिफॉयनरी में प्रोसेस किया और फिर वही तेल अमेरिका को बेच दिया।

अमेरिका जो खुद रूस पर प्रतिबंध लगाकर उसकी अर्थव्यवस्था को कमजोर करना चाहता था। भारत के जरिए वही रूसी तेल खरीदने को मजबूर हो गया। दरअसल, जब से मोदी सरकार ने सत्ता संभाली हैं। उनका फंडा सीधा सा है सस्ता तेल खरीदो, उसे रिफाइन करो और ऊंचे दामों पर बेचो। जब अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस पर कई प्रतिबंध लगाए तो भारत ने मौके के फायदा उठाया।

भारत ने रूस से भारी मात्रा में सस्ता कच्चा तेल खरीदा और उसे पेट्रोल और डीजल में बदलकर अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचना शुरू कर दिया। सीआरईए की रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2024 से जनवरी 2025 तक अमेरिका ने भारत और तुर्की की रिफाइनरियों से लगभग 25 हजार करोड़ का ईंधन खरीदा। इसमें से करीब 11 हजार 600 करोड़ का ईंधन सिर्फ रूसी कच्चे तेल को रिफाइन करके तैयार किया गया था। गौरतलब है कि फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के तुरंत बाद रूस से बड़ी मात्रा में तेल आयात करना शुरू कर दिया। इसका मुख्य कारण यह है कि पश्चिमी प्रतिबंधों और कुछ यूरोपीय देशों द्वारा खरीद से परहेज करने के कारण रूसी तेल अन्य अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क की तुलना में काफी छूट पर उपलब्ध था।

इस डील में भारत की सबसे बड़ी रिफाइनिंग कंपनियां शामिल हैं। रिलायंस इंडस्ट्री जिसका कुल निर्यात 8 हजार 500 करोड़ है। दूसरी नायरा एनर्जी जिसका कुल निर्यात 1 हजार 850 करोड़ और इसने रूसी तेल से बना ईंधन 1 हजार 750 करोड़ है। तीसरी कंपनी मंगलुरु रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल लिमिटेड जिसका कुल निर्यात 420 करोड़ रुपए है।

रूसी तेल से बना ईंधन 210 करोड़ रुपए है। गुजरात के वाडिनार में रूस की रोसनेफ्ट-समर्थित नायरा एनर्जी की दो करोड़ टन प्रति वर्ष की रिफाइनरी है। इस रिफाइनरी ने जनवरी, 2024 और जनवरी, 2025 के बीच अमेरिका को 18.4 करोड़ यूरो का ईंधन निर्यात किया। सीआरईए ने कहा कि इसमें से 12.4 करोड़ यूरो रूसी कच्चे तेल से परिष्कृत होने का अनुमान है।

# नियामक जांच का सामना करना पड़ रहा है ओला इलेक्ट्रिक को

**(एजेन्सी)।**

**ओला** इलेक्ट्रिक को नियामक जांच का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि भारी उद्योग मंत्रालय कंपनी की बिक्री के आंकड़ों और वास्तविक वाहन पंजीकरण के बीच विसंगतियों की जांच कर रहा है। ओला इलेक्ट्रिक ने फरवरी 2025 में 25,000 इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचे। हालांकि, सरकार के वाहन पोर्टल के आंकड़ों से पता चलता है कि इसी अवधि के दौरान केवल 8,600 वाहन ही पंजीकृत हुए। सीएनबीसी-टीवी18 ने सूत्रों के हवाले से बताया कि चल रही जांच के एक हिस्से के रूप में, महाराष्ट्र क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने पुणे सहित राज्य भर में कई ओला इलेक्ट्रिक शोरूमों का निरीक्षण किया है। जांच के दौरान आरटीओ अधिकारियों ने जांच की कि वाहनों के पास उचित दस्तावेज हैं या नहीं और क्या वे वैध व्यापार प्रमाणपत्रों के तहत बेचे जा रहे हैं। इन निरीक्षणों के बाद, अनुपालन उल्लंघन के कारण मुंबई और पुणे में 36 स्कूटर जब्त किए गए।

यह कार्रवाई महाराष्ट्र तक ही सीमित नहीं है। पंजाब में ओला इलेक्ट्रिक के कई आउटलेट कथित तौर पर बंद कर दिए गए हैं, जबकि जबलपुर में आरटीओ अधिकारियों ने बिना वैध व्यापार प्रमाणपत्र के अपंजीकृत स्कूटर बेचे जाने का पता चलने पर कंपनी को नोटिस जारी किया है।

# कांप गई अफगानिस्तान की धरती, घरों से निकले लोग

**(एजेन्सी)।**

**भारत** के पड़ोसी देश अफगानिस्तान में भूकंप से धरती कांप गई है। भूकंप के तेज झटके शुक्रवार को महसूस किए गए है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की मानें तो शुक्रवार 21 फरवरी रात अफगानिस्तान में जो भूकंप आया है उसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.9 मापी गई है। भूकंप के झटके काफी तेजी से महसूस हुए है। लोगों में इस भूकंप के बाद दहशत फैल गई है। देर रात को आए इस भूकंप से बचने के लिए कई लोग अपने घर पर बाहर भागते दिखे ताकी अपनी जान बचा सके। हालांकि राहत है कि अब तक इस भूकंप से किसी तरह के नुकसान की जानकारी नहीं है।

इस भूकंप के संबंध में अधिक जानकारी नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने जारी की है। इसके मुताबिक भूकंप रात एक बजे आया था। भूकंप का केंद्र जमीन से 160 किलोमीटर नीचे था। इससे पहले 13 मार्च को भी अफगानिस्तान की धरती 4.0 तीव्रता के भूकंप से कांप गई थी।

जानकारों की मानें तो भूकंप जो कम गहराई से होते हैं वो अधिक गहराई वाले भूकंप की तुलना में अधिक खतरनाक होते है। माना जाता है कि इसके पीछे कारण है कि भूकंप में अधिक ऊर्जा धरती की सतह के पास से निकलती है, जिस कारण जमीन तेजी से हिलती है। ये इमारतों को अधिक नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे भूकंप के कारण लोगों को नुकसान भी अधिक हो सकता है। वहीं जो भूकंप अधिक गहराई के समय आते है वो सतह तक पहुंचते पहुंचते कमजोर हो जाती है।

इससे पहले नौ फरवरी को भी अफगानिस्तान में भी भूकंप के तेज झटके महसूस हुए थे। इसकी तीव्रता 4.1 मापी गई थी। भूकंप का केंद्र धरती की 255 किलोमीटर गहराई में दर्ज हुआ था। इस दौरन लोग घबराकर घर से बाहर निकल गए थे। इस दौरान जान माल के नुकसान की जानकारी नहीं मिली थी।

अफगानिस्तान में भूकंप के झटके बार बार महसूस किए जाते है। इसके पीछे मख्य कारण अफगानिस्तान का भौगोलिक स्थान है। अफगानिस्तान हिंदूकुश पर्वत श्रृंखला के पास है।

इस जगह पर ही यूरेशियन और भारतीय टेक्टोनिक प्लेटें आपस में टकराती रहती है। इस प्लेटों के टकराव से तनाव पैदा होता है, जिससे भूकंप अधिक आते है। अफगानिस्तान भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है।

# आईपीएल 2025 के लिए कमेंटेटर्स की लिस्ट जारी

**(एजेन्सी)।** 22 मार्च, शनिवार से आईपीएल के 18वें सीजन शुरू होने वाला है। टूनामेंट के पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स और आरसीबी की टीमें आमने-सामने होंगे। ये मैच कोलकाता के घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। इस मेगा इवेंट के शुरू होने का सबसे फैंस को बेसब्री से इंतजार है और सभी टीमें इसके लिए अपनी-अपनी कमर कस चुके हैं। आईपीएल जैसे बड़े टूनामेंट में खिलाड़ी तो अपने खेल से फैंस को एंटरटेन करते ही हैं। उसी के साथ कमेंटेटर्स भी अपनी कमेंट्री के जरिए मैच के रोमांच को और बढ़ाते हैं। आईपीएल के 18वें सीजन के लिए स्टार नेटवर्क ने अपने कमेंटर्स की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में सुनील गावस्कर , रवि शास्त्री, वीरेंद्र सहवाग, शिखर धवन, शेन वॉटसन, एबी डिविलियर्स, सुरेश रैना, माइकल क्लार्क और मैथ्यू हेडन कई दिग्गज शामिल हैं। वहीं स्टार स्पोर्ट्स के कमेंट्री पैनल में कुल 18 क्रिकेटर्स और एक्सपर्ट्स शामिल हैं। इनको नेशनल फील कमेंटेटर्स और वर्ल्ड फीड कमेंटेटर्स नाम से दो कैटेगरी में रखा गया है। दोनों फीड में एक से बढ़कर एक धुरंधर शामिल हैं।

# खिताब का इंतजार करती दिल्ली कैपिटल्स, जानें टीम का इतिहास

**(एजेन्सी)।**

**दिल्ली** कैपिटल्स दिल्ली में स्थित एक पेशेवर फ्रैंचाइजी क्रिकेट टीम है जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलती है। फ्रैंचाइजी का स्वामित्व संयुक्त रूप से जीएमआर ग्रुप और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के पास है। टीम का घरेलू मैदान नई दिल्ली में स्थित अरुण जेटली स्टेडियम (पूर्व में फिरोज शाह कोटला) है। टीम की कप्तानी अक्षर पटेल करते हैं और कोच हेमंग बदानी हैं। कैपिटल्स ने अपना पहला आईपीएल फाइनल 2020 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ पूर्व कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में खेला था। आईपीएल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित एक क्रिकेट लीग है और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा समर्थित है। उद्घाटन टूर्नामेंट अप्रैल-जून 2008 में आयोजित किया गया था, जिसमें बीसीसीआई ने टूर्नामेंट में भाग लेने वाली आठ टीमों की सूची को अंतिम रूप दिया था। टीमों ने दिल्ली सहित भारत के आठ अलग-अलग शहरों का प्रतिनिधित्व किया। टीमों को 20 फरवरी 2008 को मुंबई में नीलामी के लिए रखा गया था, और दिल्ली की टीम को संपत्ति विकास कंपनी जीएमआर ग्रुप ने 84 मिलियन अमेरिकी डॉलर में खरीदा था। दिसंबर 2018 में, टीम ने अपना नाम दिल्ली डेयरडेविल्स से बदलकर दिल्ली कैपिटल कर लिया। टीम का नाम बदलने के पीछे के तर्क के बारे में बोलते हुए, सह-मालिक और अध्यक्ष पार्थ जिंदल ने कहा, "दिल्ली देश का शक्ति केंद्र है, यह राजधानी है, इसलिए इसका नाम दिल्ली कैपिटल है।" सह-मालिक किरण कुमार ग्रांधी ने कहा, "नया नाम दिल्ली की पहचान का प्रतीक है और शहर की तरह ही, हम आगे बढ़ने वाली सभी कार्रवाई का केंद्र बनने का लक्ष्य बना रहे हैं। आईपीएल के पहले ही सीजन में दिल्ली कैपिटल्स (उस समय दिल्ली डेयरडेविल्स) अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही। इससे उन्हें टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने में मदद मिली, जहां वे अंतिम विजेता राजस्थान रॉयल्स से हार गए। वहीं गौतम गंभीर ने 534 रन उस सीजन में दिल्ली के लिए किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रन थे। वहीं 2009 में भी दिल्ली एक बार फिर 2008 की तरह फाइनल में डेक्कन चार्जर्स से हार गई।

आईपीएल 2010 में दिल्ली कैपिटल्स ने 14 मैचों में 14 अंक लेकर एक और शानदार प्रदर्शन किया। वीरेंद्र सहवाग और उनकी टीम ने सात गेम जीते और सात हारे और सीएसके, आरसीबी और केकेआर के साथ अंकों के मामले में बराबरी पर थी, जिनके 14-14 अंक थे।

# रानी मुखर्जी ने इंडस्ट्री में बनाई अलग पहचान

**(एजेन्सी)।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी आज यानी की 21 मार्च को अपना 47वां जन्मदिन मना रही हैं। अपनी शानदार एक्टिंग, आवाज और खूबसूरती से वह सालों से लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। रानी मुखर्जी ने अपने फिल्मी करियर में एक से बढ़कर एक कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। इनमें से कुछ फिल्मों ने बड़े सामाजिक संदेश दिए हैं, तो कई कमर्शियल मसाला फिल्मों से अलग रहीं। रानी मुखर्जी उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं, जिनकी अधिकतर फिल्में हिट साबित हुई हैं। एक्ट्रेस ने बॉलीवुड के कई बड़े कलाकारों के साथ काम किया है। मुंबई के महाराष्ट्र में 21 मार्च 1978 को रानी मुखर्जी का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम राम मुखर्जी और मां का नाम कृष्णा मुखर्जी है। वहीं फेमस डायरेक्टर अयान मुखर्जी और एक्ट्रेस काजोल भी रानी की कजिन हैं। अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने फिल्म निर्माता आदित्य चोपड़ा से शादी की है और इनकी एक बेटी भी है। बता दें कि साल 1996 में रानी मुखर्जी ने बंगाली फिल्म 'बिएर फूल' से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की थी। वहीं इसी साल उन्होंने फिल्म 'राजा की आएगी बारात' से बॉलीवुड में डेब्यु किया था।

## वाराणसी साइबर क्राइम पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# एशियन पेंट्स की फर्जी डीलरशिप दिलाकर 12 लाख की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश



**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट की साइबर क्राइम टीम ने एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन शातिर अपराधियों को बिहार के नालंदा से गिरफ्तार किया है। यह गिरोह एशियन पेंट्स समेत अन्य बड़ी कंपनियों की फर्जी वेबसाइट बनाकर डीलरशिप दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों की ठगी करता था। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल, लैपटॉप और नकदी बरामद की है। गिरोह का सरगना विश्वास कुमार, जो कि बीटेक ग्रेजुएट है, फर्जी वेबसाइट बनाने और गूगल पर विज्ञापन डालने में माहिर है। वह अपने साथी अभिनय कुमार और सोहन कुमार के साथ मिलकर इन वेबसाइटों को ऑपरेट करता था। ग्राहक जब डीलरशिप के लिए आवेदन करते, तो उनसे सिक्योरिटी मनी और अन्य शुल्क के नाम पर लाखों रुपये ऐंठ लिए जाते थे। इसी तरह वाराणसी के सिद्धार्थ सिंह से 12 लाख रुपये ठग लिए गए थे।

गिरफ्तार आरोपी विश्वास कुमार (26 वर्ष)-निवासी पटना, बिहार, अभिनय कुमार (28 वर्ष) निवासी पटना बिहार, सोहन कुमार (26 वर्ष) निवासी नवादा, बिहार। गिरफ्तार आरोपी के पास से बरामद सामान मोबाइल फोन, लैपटॉप, एशियन पेंट्स के फर्जी दस्तावेज, नकद रु10,240 पुलिस उपायुक्त अपराध प्रमोद कुमार ने बताया कि इस गिरोह ने अल्ट्राटेक सीमेंट, एसीसी सीमेंट और अमूल जैसी कंपनियों की फर्जी फ्रेंचाइजी देकर भी कई लोगों को ठगा है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

कार्रवाई में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, निरीक्षक विपिन कुमार यादव, उपनिरीक्षक संजीव कुमार कनौजिया,उपनिरीक्षक राकेश सिंह भदौरिया की अहम भूमिका रही। साइबर क्राइम पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अनजान कॉल्स से सावधान रहें और किसी भी वित्तीय जानकारी को साझा न करें।

# हरि बोल सेवा समिति द्वारा निशुल्क हेलमेट का वितरण किया गया



**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन**

**बदायूं।** सदर विधायक पूर्व राज्यमंत्री महेश चंद्र गुप्ता के नेतृत्व में उझानी रोड निकट बाला जी मन्दिर पर निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए।

इस अवसर पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा की हरि बोल सेवा समिति ने यह संकल्प लिया है की आने वाले समय में जनपद का प्रत्येक मोटरसाइकिल चलाने वाला व्यक्ति सर पर हेलमेट लगाकर चलाएं इसके लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इसके साथ-साथ उन्होंने हेलमेट वितरण करते हुए बाइक सवार युवाओं से आवाहन किया कि आप सब लोग बिना हेलमेट के बाइक पर ना चले हेलमेट वितरित करने के दौरान जिन बाईकों पर महिलाएं बैठी थी। उन महिलाओं से विशेष आग्रह किया गया कि जब भी उनके पति/भाई/पिता घर के बाहर जाएं उनके लिए हेलमेट लगाने के लिए जरूर प्रेरित करें क्योंकि सबसे ज्यादा युवा हेलमेट की वजह से एक्सीडेंट का शिकार हो रहे हैं कई लोगों को गंभीर चोटें आती हैं कई लोगों की जान गई है आगे से जनपद में एक्सीडेंट के कारण हेलमेट के अभाव में लोगों की जान ना जाए इसके लिए हमारी समिति लगातार काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी।

इस अवसर पर जितेन्द्र गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, हिमांशू कठेरिया, मयंक गुप्ता, अजय मथुरिया, अनेक पाल सिंह पटेल, टीआई रामलडेते एवं पंजाबी समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# दिल्ली मंत्री ने कार्यकारी अभियंता के निलंबन के आदेश दिए, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई: पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को चेतावनी



**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने पूर्वी दिल्ली में तैनात एक कार्यकारी अभियंता के निलंबन के आदेश दिए हैं। यह कार्रवाई उस समय हुई जब मंत्री ने निरीक्षण के दौरान एक नाले की बदतर स्थिति पाई।

मंत्री ने पटपड़गंज क्षेत्र में सड़कों का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने पाया कि NH-9 (सर्विस लेन), जिसे NH-24 के नाम से भी जाना जाता है, के किनारे बने नाले बुरी हालत में थे और कोई सफाई या रखरखाव कार्य नहीं किया जा रहा था। पीडब्ल्यूडी की जिम्मेदारी है कि वह इन नालों की सफाई और रखरखाव करे, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। मैंने इस लापरवाही के लिए संबंधित अभियंता के निलंबन का आदेश दिया है। लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, मंत्री सिंह ने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में अधिकारी मोटी चमड़ी के हो गए हैं और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हो चुके हैं। अब सख्त निगरानी और जवाबदेही लागू की जाएगी।

बाद में, मंत्री ने न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन से होते हुए त्रिलोकपुरी के छीला गांव और पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र के अन्य इलाकों में सड़कों और नालों का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि नाले खराब स्थिति में हैं, जिससे स्थानीय लोगों को असुविधा हो रही है। सिंह ने अधिकारियों को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने और जलभराव व सफाई की समस्या को हल करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखें, लेकिन जमीनी हालात बेहद खराब हैं। दिल्ली के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण और त्वरित कार्रवाई जरूरी है।


मंत्री सिंह ने सभी वरिष्ठ पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जो अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। दिल्ली को विश्वस्तरीय सड़कों और बुनियादी ढांचे की जरूरत है। अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। जो इसका पालन नहीं करेंगे, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाएगा, उन्होंने कहा।

अब पीडब्ल्यूडी ने सभी फील्ड अधिकारियों, जिसमें जूनियर इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और कार्यकारी अभियंता शामिल हैं, के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि वे रोजाना सड़क निरीक्षण करें और पीडब्ल्यूडी ई-मानिटरिंग ऐप पर रिपोर्ट के साथ तस्वीरें अपलोड करें। विभाग ने यह पाया है कि अधिकारी सड़कों में गड्ढों, टूटे फुटपाथों, अतिक्रमण और अन्य खामियों की रिपोर्टिंग नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा, पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों द्वारा अनिवार्य ई-मानिटरिंग सिस्टम का उपयोग नहीं किया जा रहा है-यह लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**नए सख्त नियम:** रोजाना सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक, शनिवार सहित, फील्ड निरीक्षण अनिवार्य। निरीक्षण रिपोर्ट को तस्वीरों के साथ पीडब्ल्यूडी ई-मानिटरिंग ऐप पर अपलोड करना जरूरी। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई। मंत्री ने साफ कर दिया है-यह सिर्फ शुरूआत है। अब पीडब्ल्यूडी पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करेगा, अन्यथा सख्त कार्रवाई झेलने के लिए तैयार रहे।

# नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला का कौंधियारा मंडल की ओर से किया गया भव्य स्वागत

**एसबी संवाददाता/मनोज कुमार बिन्द**



**बारा प्रयागराज।** यमुनापार के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला का कौंधियारा मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रजापति के अगुवाई में बारा विधानसभा के शंकरगढ़ में आयोजित स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में सम्मिलित होने से पूर्व गौहनिया चौराहे पर ढोल बाजे के साथ फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा इंद्रनाथ मिश्र।

निवर्तमान मंडल अध्यक्ष शिवप्रसाद केसरवानी पूर्व मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश पांडे के साथ हमारे यमुनापार जिले के शीर्ष नेतृत्व जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह पटेल। जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी। जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा सुभाष सिंह पटेल जिला अध्यक्ष, अनुसूचित मोर्चा राजमणि पासवान का इस स्वागत कार्यक्रम में गरिमा मई उपस्थित एवं सफल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मंडल प्रभारी, वेदेश दत्त पांडे, मंडल आइटी सेल गौरीशंकर बिंद, मंडल उपाध्यक्ष इंद्रजीत पटेल, भानू मिश्रा, हरिशरण सिंह, लालचंद शुक्ल, मयंक जायसवाल, सुबोध जयसवाल, दिनेश केसरवानी, व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद केसरवानी, रवि साहू, सुधाकर सिंह पटेल, नरेंद्र यादव, जिला प्रतिनिधि अमित भारती, प्रतीक भारती, शक्ति केंद्र संयोजक जितेन्द्र दास, शक्ति केंद्र संयोजक कुलदीप पांडेय, आजाद सिंह पटेल, बूथ अध्यक्ष मंगला प्रजापति, रविंद्र तिवारी, वीरेंद्र विश्वकर्मा, विजय शंकर पांडे, राज नाथ बिंद अजय बाल्मिक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित होकर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रजापति ने उपस्थित सभी शीर्ष नेतृत्व का स्वागत बंधन करते हुए सभी कार्यकताओं काआभार प्रकट किया।

# खानपुर पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** खानपुर पुलिस ने बीती रात पुलिस फोर्स के साथ गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के खराज गाँव में छापामारी कर समस्तीपुर न्यायालय से निर्गत-NBW वारंट में फरार चल रहे अभियुक्त (1) मोहम्मद आलमगीर पिता-स्वर्गीय मोहम्मद अयूब-ग्राम-खराज-थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को छापामारी के क्रम में घर से ही गिरफ्तार कर थाना लाया गया। तथा वही गिरफ्तार अभियुक्त के बारे में पूछने पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त मोहम्मद आलमगीर के विरूद्व समस्तीपुर न्यायालय से निर्गत NBW वारंट में फरार चल रहा था। जिसे बीती घर से ही गिरफ्तार कर थाना लाया गया। तथा गिरफ्तारी कागजात तैयार कर थाना के पुलिस पदाधिकारी व चौकीदार के साथ उचित अभिरक्षा में सरकारी वाहन से माननीय न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन हेतु भेजा गया है।

# जागरूकता रैली निकालकर परिवार नियोजन दिवस का सफलतापूर्वक किया गया आयोजन



**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर/खानपुर।** शुक्रवार को आकांक्षी प्रखंड खानपुर अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खानपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राणा नितेश सिंह के कुशल नेतृत्व में निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खानपुर में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमन कुमार के अध्यक्षता में मिशन परिवार विकास अभियान अंतर्गत परिवार नियोजन पखवाड़ा अंतर्गत परिवार नियोजन मेला सह जागरूकता रैली एवं परिवार नियोजन दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

उक्त कार्यक्रम में परिवार नियोजन सेवा अंतर्गत सभी अस्थाई साधन का स्टॉल लगाया गया एवं फैमिली प्लानिंग काउंसलर संगीता कुमारी द्वारा विस्तारपूर्वक परिवार नियोजन स्थाई एवं अस्थाई सेवा के बारे में बताया गया। इसके साथ ही उपस्थित योग्य दंपति लाभार्थियों को परिवार नियोजन सेवा अंतर्गत विभिन्न अस्थाई साधन माला एन, छाया इत्यादि वितरित किया गया एवं महिला बंध्याकरण सेवा हेतु पंजीकृत किया गया। उपस्थित सभी प्रतिभागियों से चर्चा करते हुए पिरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम लीडर केशव कुमार के द्वारा बताया गया कि मिशन परिवार विकास के तहत 10 से 29 मार्च 2025 तक परिवार नियोजन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य गर्भनिरोधक साधनों की पहुंच बढ़ाना, समुदाय को जागरूक करना और योग्य दंपतियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार परिवार नियोजन अपनाने के लिए सक्षम बनाना है। परिवार नियोजन न केवल महिलाओं को यह अधिकार देता है कि वे कब और कितने बच्चे चाहती हैं। बल्कि यह मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। इसके साथ ही खानपुर प्रखंड में परिवार नियोजन जागरूकता रैली का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया जिसमें परिवार नियोजन सेवा जागरूकता हेतु स्लोगन के साथ नारे लगाए गए।

उक्त कार्यक्रम में डॉ रमन कुमार, डॉ.संतोष कुमार, फैमिली प्लानिंग काउंसलर संगीता कुमारी, गांधी फेलो तपस्विनी, प्रोग्राम लीडर केशव कुमार,एबीपी फेलो कुंदन कुमार, प्रखंड लेखा प्रबंधक किरण कुमारी, अरुण कुमार, आशा फैसिलिटेटर निशा कुमारी, इंदु कुमारी, आशा दीदी, सभी आंगनबाड़ी सेविका, पदाधिकारी एवं कर्मी, योग्य दंपति लाभार्थी एवं अन्य समुदाय के लोग उपस्थित थे।

# खानपुर प्रखंड क्षेत्र के रैनी ढ़ाब में विगत 1 वर्षो से जला है ट्रांसफार्मर, विभाग के द्वारा अब तक नहीं बदला गया ट्रांसफार्मर

## सिंचाई बिना सुख रही फसल, किसान परेशान

**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** खानपुर प्रखंड अंतर्गत कानूविशनपुर पंचायत के रैनी ढ़ाब में विगत 1 वर्षो से बिजली का ट्रांसफार्मर जला हुआ है। लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण स्थानीय किसान काफी परेशान हैं। किसानों के खेतों में सिंचाई की व्यवस्था न होने के कारण करीब 200 सौ एकड़ फसल सूख रही है। पानी बिना सूख रहे फसल की चिंता में किसान काफी परेशान नजर आ रहे हैं। बिजली विभाग एवं सरकार किसानो को कोष रहे हैं।

वही बताते चले कि स्थानीय किसानों ने शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे मीडिया से बात करते हुए बताया कि विगत एक वर्षों से बिजली का ट्रांसफार्मर जला हुआ है। जब विभाग के लोगों को स्थानीय किसान ने जानकारी दी तो विभागीय लोगों ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मियों का कहना है कि ट्रांसफार्मर बदलने में 10 से 20 हजार रूपए खर्चा होगा। जब तक आप किसान लोग रुपया नही देंगे तो ट्रांसफॉमर नही बदलायेगा। तो किसान ने आगे बताया कि हमारे यहां कम से कम पांच ट्रांसफार्मर की जरूरत है। वह भी बड़ा-बड़ा। लेकिन विभाग के द्वारा एक छोटा सा

**■ स्थानीय जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह ने किसान हित में बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी से ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की**




ट्रांसफार्मर लगा दिया जाता है। जो लोड पड़ने पर ट्रांसफॉमर जल जाता है। जिसके कारण सिंचाई में काफी परेशानी होती है।

इधर, मामले पर संज्ञान लेते हुए स्थानीय जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह ने बिजली विभाग के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता और कार्यपालक अभियंता से बात कर किसान हित में अविलंब ट्रांसफार्मर बदलने को कहा है। जिला पार्षद ने बताया कि किसानों को रब्बी फसल में सिंचाई की आवश्यकता है। इस ट्रांसफार्मर के जल जाने से करीब 200 सौ एकड़ फसल बर्बाद होने के कगार पर है। जिसे अविलम्ब ट्रांसफॉमर लगाने की बात की है।

मौके पर किसान राज नारायण सिंह, अरुण सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, विष्णुदेव सिंह, संजीत कुमार सिंह, दिनेश सिंह, अमरजीत कुमार, लखन कुमार, राजीव कुमार चौधरी, भोला चौधरी, श्याम चौधरी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास की एफएलएनटी परीक्षा रविवार को



**संजना भारती संवाददाता/एस रहमान**

**टोंक।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के तहत रविवार को टोंक ब्लॉक में 172 परीक्षा केन्द्रों पर 4170 लर्नर्स का फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी टेस्ट लिया जाएगा। ब्लॉक समन्वयक अब्दुल रशीद ने बताया कि उक्त परीक्षा से संबंधी प्रश्न पत्र सामग्री तथा टीएलएम का वितरण शुक्रवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुशीला करणानी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीताराम गुप्ता और रामनिवास धायल की मौजूदगी में किया गया। साथ ही सभी पीईईओ और यूसीईईओ को परीक्षा के सुव्यवस्थित एवं सफल संचालन हेतु दिशा निर्देश दिए।

# अकबरनगर रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने की मांग

**एसबी संवाददाता**

**अकबरनगर।** नगर पंचायत अध्यक्ष किरण देवी ने अकबरनगर रेलवे स्टेशन पर यात्रीओ की सुविधा को देखते हुए ट्रेनों के ठहराव एवं अन्य सुविधा बढ़ाने की माँग बांका सांसद गिरधारी यादव से पत्र लिखकर किया है। पत्र लिखकर उन्होंने बताया है कि अकबरनगर रेलवे स्टेशन पर आरक्षित टिकट काउंटर का सुविधा दिया जाए। अकबरनगर रेलवे स्टेशन पर शौचालय का निर्माण कराया जाए। अकबरनगर रेलवे स्टेशन पर बाँका राजेन्द्रनगर इंटरसिटी ठहराव सुनिश्चित किया जाए। अकबरनगर रेलवे स्टेशन पर भागलपुर-जयनगर का ठहराव दिया जाए। अकबरनगर रेलवे स्टेशन पर गोड्डा-राँची का ठहराव दिया जाए। अध्यक्ष द्वारा मांग पत्र लिखकर दिए जाने के बाद सांसद ने सुविधा बढाने की मांग को संज्ञान मे लेकर रेल मंत्री को इस बाबत पत्र लिखा है।

# हरियाणा पुलिस अकादमी में लोक अभियोजकों के लिए 'तीन नये अपराधिक कानूनों पर प्रशिक्षण हुआ संपन्न




**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में 'तीन नये अपराधिक कानूनों-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023' विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अभियोजन विभाग हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ अरशिन्दर सिंह चावला, निदेशक, हरियाणा पुलिस अकादमी के निर्देश पर डा. सोहन सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से प्रशिक्षण पर आए 28 लोक अभियोजक अधिकारियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि ने लोक अभियोजन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बात को आप सदैव याद रखें कि आप भी अपराधिक न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं, हर तथ्य न्याय संगत हों इसमें अभियोजन पक्ष की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमारा ध्येय होना चाहिए कि हर केस में ऐसी सशक्त पैरवी करें कि पंक्ति के अन्तिम जन तक न्याय पहुंच सके। यदि आपके सकारात्मक प्रयासों से एक पीड़ित को न्याय मिलता है तो यह हमारे विभाग के लिए श्रेष्ठ उपलब्धि होगी। वैसे तो आप सभी ज्ञान से भरपूर हैं, ज्ञान को जितना दूसरों के साथ सांझा करोगे यह उतना ही बढेगा और सीखने की कोई उम्र नहीं होती।

यदि कानून को आप औपचारिकता से नहीं बल्कि आत्मीयता से पढ़ेंगे तो आपके विचारों को नईं दिशा मिलेगी। किसी भी विषयवस्तु का सीखने के लिए लगन और आत्मविश्वास का होना अनिवार्य है। मुझे मालूम हुआ है कि इस कोर्स में कुछ अभियोजन अधिकारियों की तैनाती कोर्ट में नहीं है बल्कि कार्यालयों में है, मैं यहां विशेष तौर पर कहना चाहूंगा कि कानूनी ज्ञान हर नागरिक के लिए आवश्यक है। सरकारी विभाग में तैनाती निश्चित नहीं है, इसमें विभाग आपसे किसी भी फिल्ड में सेवा ले सकता है। प्राप्त किया गया ज्ञान निरर्थक नहीं जाता, जीवन में कभी न कभी काम अवश्य आता है, जबकि आपका तो आधार कानून ही है। इसलिए कानून को आत्मसात करना अनिवार्य है। प्रतिदिन की दिनचर्या में अखबार पढ़ने की आदत डालें, क्योंकि ये भी हमें अपडेट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सोशल मिडिया के इस दौर में कुछ नया सीखने के लिए कुछ ऐप का भी सहारा ले सकते हैं। माननीय न्यायालयों द्वारा दिये गये एतिहासिक फैंसलों व समय-समय पर विभाग द्वारा जारी की गई एस.ओ.पी. के बारे में भी अपडेट रहें, क्योंकि बहुत से मामलों में ये न केवल हमारे लिए सहायक सिद्ध होते हैं अपितु हमारा मार्गदर्शन भी करते हैं। यदि आप स्वयं कानूनी रूप से सशक्त होंगे तो आप दूसरों को भी जागरूक कर सकते हैं।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपने-अपने क्षेत्र में पारंगत विशेषज्ञों को बुलाया गया था, मुझे आशा है कि यह आप सभी के लिए लाभकारी होगा। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला, अकादमी के पुलिस महानिरीक्षक वाई पूरन कुमार तथा अभियोजन विभाग हरियाणा का आभार व्यक्त किया।

# प्रभारी मंत्री करेंगी तीन दिवसीय दिवसीय मेले का उद्घाटन

**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन**



**बदायूं।** प्रदेश सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बदायूं क्लब बदायूं में 25 मार्च से 27 मार्च तक तीन दिवसीय मेले का उद्घाटन जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी करेंगी। मेले में विभिन्न विभागों की योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति व नियुक्ति पत्र आदि का वितरण किया जाएगा। महाकुम्भ व योजनाओं से सम्बंधित लघु फिल्मों को प्रदर्शित किया जाएगा। विकास पुस्तिका का विमोचन भी प्रभारी मंत्री द्वारा किया जाएगा। तदोपरान्त 25 मार्च को ही प्रेस वार्ता भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त विधानसभा वार व नगर निकाय वार भी एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, इसके लिए जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं।

जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में प्रदेश सरकार के 08 वर्ष तथा केन्द्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय मेले की तैयारियों के सम्बंध में आहूत जिला परामर्शदाता समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूर्ण मनोयोग से कार्य योजना बनाते हुए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करते हुए मेले को सफलतापूर्वक आयोजित कराने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों का संवेदीकरण करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण भी कराया जाएगा। प्रत्येक दिन थीम आधारित विचार गोष्ठी व संवाद कार्यक्रम भी दो-दो सेशन में कराए जाएंगे, जिसमें अन्नदाता किसान की समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना विकास, युवा, रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओ0डीअ0ओ0पी0, सुरक्षित उद्यमी समृद्ध व्यापार तथा अन्त्योदय से सर्वोदय (समाज कल्याण, पेंशन एवं राशन आदि) थीम पर आयोजित किए जाएंगे। संस्कृति विभाग द्वारा प्रत्येक दिन सांय को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# सब्जी उत्कृष्टता केंद्र, घरौंडा में 23 मार्च तक चलेगा 11वां मेगा सब्जी एक्सपो, समापन पर मुख्यमंत्री करेंगे शिरकत

## 11वां मेगा सब्जी एक्सपो का कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किया उद्घाटन



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** सब्जी उत्कृष्टता केंद्र, घरौंडा में 23 मार्च तक तीन दिवसीय11वां मेगा सब्जी एक्सपो आयोजित किया जा रहा है। एक्सपो के पहले दिन उद्घाटन समारोह में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और कार्यक्रम का उद्घाटन किया। एक्सपो में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से किसान शामिल हुए। किसानों ने इस दौरान विभिन्न सब्जियों की किस्मों के साथ-साथ आलू की किस्मों व मधुमक्खी पालन की नवीनतम जानकारी प्राप्त की।

एक्सपो के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सब्जी उत्कृष्टता केंद्र, घरौंडा की शुरूआत वर्ष 2011 में की गई थी। यह केंद्र इंडो-इजराइल तकनीक पर प्रदेश का पहला उत्कृष्टता केंद्र था। जहां देश-प्रदेश के ही नहीं अपितु विदेशों से किसानों एवं विशेषज्ञों ने संरक्षित खेती की तकनीकी जानकारी हासिल की। उसके उपरांत प्रदेश के अन्य जिलों में 11 विभिन्न प्रकार के उत्कृष्टता केंद्र खोले जा चुके हैं। इन 12 उत्कृष्टता केंद्रों पर बागवानी खेती की मुख्य गतिविधियां शामिल की गई हैं। जो किसानों के लिए मील का पत्थर साबित हुई हैं। ऐसे में इन केंद्रों पर विशेषज्ञों के माध्यम से नवीनतम तकनीकी जानकारी हासिल कर किसान संरक्षित खेती, मधुमक्खी पालन, फलों की खेती सहित ग्राफ्टेड पौधे तैयार करने का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण को प्राप्त करके किसान बागवानी खेती को अपनाने में आगे आ रहे हैं और दोगुनी आय प्राप्त कर रहे हैं।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए भावी योजनाएं एवं कार्यक्रम तैयार किए गए हैं जिसके तहत वर्तमान में जो कृषक उत्पादक संगठन अर्थात एफपीओ एक कम्पनी के रूप में पंजीकृत है, उन्हें तो सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है परंतु जो कृषक उत्पादक संगठन एक सहकारी समिति के रूप में पंजीकृत हैं, वे इन योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। इस अंतर को समाप्त करने के लिए हम शीघ्र ही एक नई बागवानी नीति लाएंगे, जिसके तहत मूल्य संवर्धन, भण्डारण, प्रोद्यौगिकी, मार्केटिंग, प्राकृतिक व जैविक बागवानी को दोनों प्रकार के एफपीओ के माध्यम से प्रोत्साहन दिया जायेगा।

# रक्त की एक-एक बूंद बेहद कीमती: गुलशन सहगल

## रक्तदान शिविर में 107 यूनिट रक्त किया एकत्रित



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** रक्त की एक-एक बूंद बेहद कीमती है। इससे किसी को जीवन दिया जा सकता है। रक्तदान सबसे बड़ी मानवीय सेवा है। रक्तदान को महादान कहा जाता है। रक्त की एक-एक बूंद लोगों की जिंदगी को बचाती है। उपरोक्त विचार समाजसेवी गुलशन सहगल ने निफा असंध शाखा द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में गणेश मंदिर में आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए कहे।

रक्तदान शिविर में विशिष्ट अतिथि के तौर पर ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि विक्रमजीत सिंह ने की। शिविर में 107 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया। निफा जिला प्रधान रणजीत सिंह गरेटा, शाखा अध्यक्ष कुलदीप मल्ली व शहरी अध्यक्ष गौरीशंकर ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया वही रक्तदान शिविर में सहयोग करने के लिए गोल्डन ग्रुप ऑफ फाऊंडेशन के अध्यक्ष दिलबाग मूंड को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

विशिष्ट अतिथि विक्रमजीत सिंह ने कहा कि रक्तदान करने वाले दूसरे को जिंदगी देने जैसा पुण्य काम करते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान के प्रति आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है। निफा जिला प्रधान रणजीत गरेटा ने कहा कि रक्तदान ना केवल अन्य व्यक्ति के जीवन को बचाता है, बल्कि यह रक्त देने वालों को भी स्वस्थ्य बनने में मदद करता है, इसलिए यह दोनों के लिए फायदेमंद है। शाखा अध्यक्ष कुलदीप मल्ली ने कहा कि युवाओं को रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।

इस अवसर पर सुनील भट्ट, डॉ. भजनलाल, मोहित मित्तल, मदन गांधी, गुलशन चावला, दिलबाग लाडी, महेंद्र गर्ग, मोहित शर्मा, नरेश कादियान, स्वर्ण सिंह, सुनीता भट्ट, कमल बिंदल सहित अन्य मौजूद रहे।

# आम जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हो रहा है हल: जगमोहन आनंद

## धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को दिए गए सहयोग राशि के चैक



**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनन्द ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास के सिद्धांत पर काम कर रही है। आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

विधायक जगमोहन आनंद शुक्रवार को कैंप कार्यालय में धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को उनके संस्थान के विकास के लिए सहयोग राशि के रूप में चैक देने उपरांत उनसे बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि विधानसभा सत्र के दौरान जो मांगे करनाल विधानसभा क्षेत्र की ओर से रखी गई हैं उन्हें जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा और विकास के नये आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने नगर निकाय चुनावों में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने पर सभी को बधाई दी और कहा कि प्रदेश में अब ट्रिपल इंजन की सरकार काम करेगी।

इस मौके पर जिन संस्थाओं को सहयोग राशि के चैक दिए गए , उनमें महाराणा प्रताप स्मृति भवन रेलवे रोड, सैनी समाज भवन सोसायटी पुरानी अनाज मंडी, जन सेवा दल ट्रस्ट, छठ पर्व सेवा समिति मंडल गांधी नगर और सेवा भारती हरियाणा प्रदेश शामिल है। इस मौके पर संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट किया।

# नरेन्द्र गर्ग बने असंध नई अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** नई अनाज मंडी असंध में शुक्रवार को मंडी एसोसिएशन प्रधान के चुनाव के लिए बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडी एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सतीश बल्हारा ने की। इसमें सर्वसम्मति से नरेन्द्र गर्ग को नई अनाज मंडी एसोसिएशन का प्रधान नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रधान का मंडी एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सतीश बल्हारा, रामनिवास जिंदल, महेंद्र ढिल्लो, जानपाल सिंह व पूर्व चेयरमैन सुरजीत राणा ने फुल मालाए पहनाकर स्वागत किया। नवनियुक्त प्रधान नरेन्द्र गर्ग ने कहा कि जो जिम्मेदारी हमें सौंपी गई है उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएगें। उन्होंने कहा कि मंडी संबंधित कार्य के लिए आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

इस अवसर पर ईश्वर गर्ग, दीपक मंगला, गुरप्रताप सिंह, राजेंद्र मंगला, शीशन ठरी, संजय सिंगला, रामरतन शर्मा, मुनीष सिंगला, प्रमोद गुप्ता, मोहन लाल, सोनी गर्ग, सफी शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत प्रदेश में निकाली जाएगी साइक्लोथॉन एडिशन-2 यात्रा

## कैथल जिला में 22 अप्रैल को प्रवेश करेगी यात्रा



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के उद्देश्य से हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत साइक्लोथॉन एडिशन-2 का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरूआत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पांच अप्रैल को हिसार से हरी झंडी दिखाकर करेंगे। यह यात्रा प्रदेश के सभी 22 जिलों में जाएगी। मुख्य रूप से उन गांव व कस्बों को कवर करेगी, जहां नशे का ज्यादा प्रभाव है। यात्रा का समापन सिरसा जिले में 27 अप्रैल को होगा। उम्मीद जताई जा रही है कि पूरी यात्रा के दौरान करीब 50 लाख लोग इस यात्रा का हिस्सा बनेगें। कैथल में यह साइकिल यात्रा 22 अप्रैल को प्रवेश करेगी। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी साइक्लोथॉन को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दें।

यह जानकारी नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने लघु सचिवालय के वीडियो कांफ्रेंस हॉल में मुख्यालय से आयोजित वीडियो कांफ्रेंस के उपरांत अधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक रूट प्लान के अनुसार साइकिल यात्रा 22 अप्रैल को जिले में ढांड, फरल, पूंडरी व मूंदड़ी से होते हुए 23 अप्रैल को कलायत से जींद जिले की ओर रवाना होगी। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश को नशा मुक्त बनाना है। संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें कि इस कार्यक्रम में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी हो। विशेष रूप युवाओं को इसका हिस्सा बनाएं। इसके साथ ही केमिस्ट एसोसिएशन, नशा मुक्ति केंद्र, एंटी नारकोटिक्स टीम, ड्रग फ्री गांव के सरपंचों को जरूर शामिल किया जाएगा। यात्रा के दौरान स्कूल व कॉलेजों को भी कवर किया जाए। पुलिस विभाग ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर प्लान तैयार करें।

इस रैली में भाग लेने के लिए जिला के युवा उदय डॉट हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर अपना पंजीकरण जरूर करें। इस अवसर पर डीएसपी बीरभान सिंह, डीडीपीओ कंवर दमन, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मानसून से पहले सभी नालों व ड्रेन की होगी मुकम्मल साफ-सफाई: डॉ. वैशाली शर्मा



**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने आगामी मानसून सीजन को देखते हुए निगम अभियंतओं को एक आदेश जारी कर कहा कि शहर के सभी बड़े नाले, मुगल कैनाल (कर्ण कैनाल), ड्रेन नम्बर-1, तथा मध्यम व छोटे नालों की साफ-सफाई का कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित स्टोरम वाटर डिस्पोजल पम्प की मरम्मत इत्यादि कार्य भी समय रहते शुरू करवाए जाएं।

उन्होंने कहा कि हर वर्ष मानसून से पूर्व उपरोक्त सभी नालों व ड्रेन की सफाई करने व गाद निकालने का कार्य किया जाता है। उन्होंने सभी कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठद्द अभियंता व तकनीकी विशेषज्ञ को आदेश देते कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आने वाले सभी नालों, ड्रेन व डिस्पोजल पम्पों की साफ-सफाई, गाद निकालने तथा मरम्मत इत्यादि कार्य करवाने के लिए उचित अनुमान तैयार कर प्रस्तुत करें। इसके लिए उन्होंने एक सप्ताह का समय दिया, ताकि समय रहते प्रशासनिक मंजूरी देकर निविदाएं आमंत्रित की जा सकें।

निगमायुक्त ने अभियंताओं से कहा कि मानसून को लेकर ड्रेन व नालों की सफाई करवाने के सभी कार्य समय रहते शुरू करवा लिए जाएं, ताकि शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो और शहरवासियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आदेशों की सख्ती से पालना की जाए।

## आगामी 31 मार्च तक करें खेल नर्सरियों के आवेदन

**एसबी संवाददाता**

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राजरानी ने बताया कि सत्र 2025-26 में सरकारी निजी शिक्षण संस्थानों तथा निजी खेल संस्थानों एवं पंचायतों द्वारा खेल नर्सरियों के आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 15 मार्च से बढ़ाकर 31 मार्च तक कर दी गई है।


## आवश्यक सूचना

**तेजी** से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, **'संजना भारती'** को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।

**संपर्क करें: दैनिक संजना भारती, समाचार पत्र नई दिल्ली**

**वाटसेप नम्बर: 9871221635**


# विशेष टीकाकरण अभियान के तहत 1285 बच्चों तथा 213 गर्भवती महिलाओं का किया टीकाकरण: डॉ. रेणु चावला

## स्वास्थ्य विभाग की ओर से 25 मार्च तक चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** सिविल सर्जन डा. रेणु चावला ने बताया कि गर्भवती व बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष टीकाकरण सप्ताह चलाया जा रहा है। इस अभियान गर्भवती महिलाओं, पांच वर्ष तक के बच्चों तथा 10 से 18 वर्ष तक के किशोरों का टीकाकरण किया जा रहा है। बीस मार्च तक 142 सत्रों में 1285 बच्चों तथा 213 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया है। यह अभियान 25 मार्च तक चलेगा।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 11 प्रकार की जानलेवा बीमारियों की रोकथाम के लिए यह टीकाकरण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य टी.बी, पोलियो, गल घोटू, काली खांसी, टिटनेस, हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप, हेपेटाइटिस बी, रोटा वायरस यानी डायरिया, न्यूमोकोकल रोग एवं न्यूमोकोकल जनित निमोनिया, खसरा, जापानी एन्सेफेलाइटिस जैसी बीमारियों से लड़ना है। सिविल सर्जन डा. रेणू चावला ने बताया कि जागरूकता के अभाव में काफी गर्भवती महिलाएं व बच्चों को जरूरी टीके नहीं लग पाते। जिसकी वजह से ये जानलेवा बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं।



सिविल सर्जन डॉ. रेणु चावला।

राष्ट्रीय टीकाकरण जिला कैथल की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर निःशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने जिला वासियों से आह्वान किया कि वे अपने नन्हे मुन्ने बच्चों, गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण करवाने के लिए जागरूक करें।

# हाईकोर्ट के जस्टिस सुधीर सिंह ने असंध कोर्ट का किया निरीक्षण

## जस्टिस सुधीर सिंह का एडवोकेट सोनिया बोहत ने किया स्वागत







**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** हाईकोर्ट के जस्टिस सुधीर सिंह ने असंध कोर्ट का निरीक्षण किया और वकीलों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। बार सभागार में पहुंचने पर जस्टिस सुधीर सिंह का बार एसोसिएशन के प्रधान सोमदत्त शर्मा, एडवोकेट सोनिया बोहत व सेक्रेटरी कुलदीप रोजडा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान नायब तहसीलदार स्नेहा, डीएसपी महावीर सिंह व एडीए रविन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। न्यायधीश हरीश सभ्रवाल, वंदना ढिल्लो व अमृतबीर कौर ने भी जस्टिस सुधीर सिंह का स्वागत किया। जस्टिस सुधीर सिंह ने परिसर में पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पौधरोपण अवश्य करना चाहिए क्योंकि इससे न केवल पर्यावरण संतुलित रहता है, बल्कि जीवन भी स्वस्थ रहता है।

इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सोहन लाल सिंघल, होशियार सिंह शर्मा, अमित मान, संजीव शर्मा, प्रदीप राणा, प्रदीप सिंगरोहा सहित अन्य मौजूद रहे।

## अवैध खनन रोकने सहित खनिज वाहनों पर है, प्रशासन की कड़ी नजर

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** हरियाणा सरकार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग भी लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार विभाग के महानिदेशक के एम पांडुरंग स्वयं खनन विभाग की गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और जरूरी दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं। इसी कड़ी में जिला के खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि गत दिवस एचएसईएनबी के स्टाफ एएसआई पवन व हेड कांस्टेबल परविंद्र द्वारा चेकिंग के दौरान मटक माजरी रोड इंद्री, सिविल अस्पताल के पीछे से दो ओवरलोडेड ट्रक व एक ट्रक बिना ई-रवाना बिल के पकड़ा गया। इन वाहनों को थाना पुलिस लाईन में खड़ा करके विभाग की टीम द्वारा सीज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा अवैध खनन को रोकने के लिए निरन्तर अभियान जारी रहेगा। इसके तहत, जिले के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खनन गतिविधियों को पादर्शी बनाना और प्राकृतिक संसाधनों के अनियमित दोहन को रोकना है। हरियाणा सरकार का संकल्प है कि राज्य में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नही किया जाएगा और इसके लिये जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

# दो अवैध कॉलोनियों पर चला डी.टी.पी. का पीला पंजा



**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि करनाल शहरी क्षेत्र में गांव छपरा खेड़ा में दो अवैध कालोनियों के विरुद्ध तोडफोड की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि पहली अवैध कालौनी जो कि लगभग 2.75 एकड़ में उत्तम नगर के पीछे काटी जा रही थी। जिसमें एक मकान, 2 निमार्णाधीन मकान, सभी कच्ची सडको व 15 डी.पी.सी. को ध्वस्त किया गया है। इसी प्रकार दुसरी अवैध कालोनी जो कि लगभग 2 एकड़ में गांव छपरा खेड़ा के पास काटी जा रही थी। जिसमें 1 निर्माणाधीन मकान, सभी कच्ची सडको व 5 डी.पी.सी को ध्वस्त किया गया है।

कार्यवाही के दौरान जिला नगर योजनाकार व कार्यालय की टीम मौके उपस्थित रही। इसके अतिरिक्त जिला नगर योजनाकार ने लोगो से अपील की कि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोड़फोड़ की कार्यवाही मध्यनजर रखते हुए अवैध निमार्णो के विरूद्ध कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। इसके अतिरिक्त थाना सदर करनाल की पुलिस फोर्स व ड्यूटी मजिस्ट्रेट मौके पर उपस्थित रहे।

जिला नगर योजनाकार ने कहा करनाल जिले में अवैध कॉलोनियों व अवैध निमार्णों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोडफोड की कार्यवाही जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध मुकदमें दर्ज करवायें जायेंगे।